14.88 लाख से लेकर 58 लाख रुपये तक का सालाना पैकेज का ऑफर

आइआइएम रांची के 244 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची ने एमबीए व एमबीए-एचआरएम कार्यक्रमों (सत्र 2017-19) का फाइनल प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. इस वर्ष कुल 244 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट विभिन्न कंपनियों में हुआ. इनमें 181 एमबीए और 63 छात्र एमबीए-एचआरएम के विद्यार्थी हैं. इस वर्ष प्लेसमेंट के लिए आइआइएम रांची में 100 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया. इनमें नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनियां शामिल थीं.

एमबीए के विद्यार्थियों को औसतन 14.88 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है. वहीं, विदेशी कंपनियों में कुछ विद्यार्थियों को 58.1 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज भी मिला है. इसके अलावा एमबीए-एचआरएम बैच के विद्यार्थियों को औसत 14.52 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है.

बिक्री और विपणन के क्षेत्र में एमबीए के 32 प्रतिशत विद्यार्थियों को ऑफर मिला है. इसके अलावा 22 प्रतिशत विद्यार्थियों को आइटी व एनालिटिक्स के क्षेत्र में ऑफर मिले हैं. 20 प्रतिशत विद्यार्थियों को फाइनेंस, 14 प्रतिशत विद्यार्थियों को स्ट्रेटजी एंड कंसल्टेंट में, 12 प्रतिशत को ऑपरेशन एंड जेनरल मैनेजमेंट के क्षेत्र में ऑफर दिये गये हैं.

कैंपस प्लेसमेंट के लिए आनेवाली कंपनियां

इस वर्ष आइआइएम रांची में कई नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आयीं. इनमें एसेंचर, बर्जर पेंट्स, बॉश, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, डीएस ग्रुप, इमामी, गेल, गूगल, आइसीआइसीआइ, आइबीएम, एचपी, जेपी मॉर्गन चेस, एलएंडटी, ओएनजीसी, आरपीजी, सैमसंग, आरएंडडी, सोनी, टाटा स्टील, यस बैंक जैसी कई नामी-गिरामी कंपनियां शामिल हुईं. कई कंपनियां पहली बार आइआइएम रांची आयीं. इनमें आनंद राठी, अर्नस्ट एंड यंग, फ्लिपकार्ट, पीपुल्सस्ट्रांग, क्विकर, रेमंड व यात्रा जैसी कंपनियां शामिल हैं.

Prabhat Khabar, 04.04.2019, Pg. 17